(Pages : 3) **T – 6272**

Reg. No. : ....

Name : ....

Second Semester M.A. Degree Examination, September 2024

Hindi Language and Literature

HL-CC 524 : DRAMA AND ONE ACT PLAYS

(2021 Admission onwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 75

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. जयशंकर प्रसाद का पौराणिक नाटक कौन-सा है?

2. मोहन राकेश का अपूर्ण नाटक का नाम क्या है?

3. 'कोमल गांधार' नाटक के रचयिता कौन हैं?

4. 'कविवचन सुधा' का संपादन किसने किया था?

5. 'कबिरा खड़ा बाज़ार में' किसके द्वारा रचित नाटक है?

6. 'भारतेंदु का नाट्य साहित्य' किसका अलोचनात्मक ग्रंथ है?

7. 'ताजमहल के आँसु' एकांकी के रचनाकार कौन है?

8. रामस्वरूप किस एकांकी का पात्र है?

9. 1969 में प्रकाशित मोहन राकेश का नाटक कौन सा है?

10. भारतेंदु हरिश्चंद्र के अनुसार हिन्दी के प्रथम नाटककार कौन है?

(10 × 1 = 10 Marks)

P.T.O.

II. **किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।**

1. "मैं इस घर में एक रबड़-स्टैंप भी नहीं, सिर्फ एक रबड़ का टुकड़ा हूँ - बार-बार घिसा जानेवाला रबड़ का टुकड़ा।"

2. "नहीं, मैं अपनी रक्षा स्वयं करूँगी। मैं उपहार में देने की वस्तु, शीतल-मणि नहीं हूँ।"

3. "कह तो रहा हूँ, आत्मज्ञान हो गया है मुझे। अपने क्षुद्र होने का आत्मज्ञान। सड़े हुए आटे में बिलबिलाने वाला कीड़ा होने का आत्मज्ञान।"

4. "अगर औरतें भी वही करने लगीं, अंग्रेज़ी अखबार पढ़ने लगीं और 'पालिटिक्स' वगैरह पर बहस करने लगीं तब तो हो चुकी गृहस्थी। जनाब, मोर के पंख होते हैं मोरनी के नहीं, शेर के बाल होते हैं, शेरनी की नहीं।"

5. "गिरे हुए मकान की नींव पर ही दूसरा मकान खड़ा होता है। रामप्रताप को ही देख लो, सभी दाह-कर्म-संस्कार के बाद नहाकर साफा भी न निचोड़ा था कि नकोदरवालों ने शगुन दे दिया, एक महीने के बाद ब्याह हो गया और अब तो सुनते हैं, बच्चा भी होनेवाला है।"

6. "इसलिए कि हमारे समाज में यह ब्याह-शादी मनुष्य से, मनुष्य के रिश्ते से नहीं होती, हमारे यहाँ शादियाँ होती है नौकरी के रिश्ते से, पद और भौतिक खयालों से।"

(4 × 5 = 20 Marks)

III. **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. " 'आधे-अधूरे' नाटक आधुनिक भारतीय जीवन का दस्तावेज़ है।" - इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।

2. "चरणदास चोर" नाटक में अभिव्यक्त सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

3. "अंधेर नगरी" नाटक के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

4. 'ध्रुवस्वामिनी' में चित्रित स्त्री समस्याओं पर अपना विचार प्रकट कीजिए।

(2 × 10 = 20 Marks)

IV. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।**

1. हिन्दी नाटक के विकास में जयशंकर प्रसाद के योगदान पर एक लेख लिखिए।

2. साठोत्तर हिन्दी नाटक की विशेषताओं को समझाइए।

(1 × 10 = 10 Marks)

V. किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए।

1. नाटककार शंकर शेष।

2. नाटक और रंगमंच।

3. हिन्दी नाटक : उद्भव और विकास।

4. नाटककार मोहन राकेश।

5. एकांकीकार लक्ष्मी नारायण लाल।

6. प्रसाद के ऐतिहासिक नाटक।

(3 × 5 = 15 Marks)